हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 तीसरे दिन ननि ने अभियान चलाकर स्कूल रोड से हटाया ठेला-गुमटी



## खबर संक्षेप

### मुख्य चिकित्सा भवन का शिलान्यास आज

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और छग मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड द्वारा मनेन्द्रगढ़ में 220 बेड अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग, छग शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे आमाखेरवा ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। भाजपा नगर मंडल मनेन्द्रगढ़ ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समाज के गणमान्य नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की है।

### विस स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन आज

**चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह सम्मेलन प्रातः 11 बजे से मंगल भवन पोड़ी चिरमिरी में आयोजित होगा। इस अवसर पर छग सरकार में स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले एवं चिरमिरी महापौर रामनरेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, महापौर, सभापति, पार्षदगण, शक्ति केन्द्र संयोजक-सहसंयोजक, प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ अध्यक्ष-सचिव सहित चिरमिरी मंडल के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी एवं रीत जैन ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सौंपेंगे ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** 12 अक्टूबर से छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रांतीय स्तर पर टीचर्स एसोसिएशन के वर्चुअल बैठक में टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर मंत्रियों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम कलेक्टर तथा डीईओ / बीईओ के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री व विधायक को भी मांग पत्र सौपेंगे। छग टीचर्स एसोसिएशन जिला कोरिया के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, प्रांतीय पदाधिकारी अशोक लाल कुर्रे, जिला पदाधिकारी रविन्द्र सिंह, आईडी राजवाड़े, सुशील जायसवाल, महेश शिवहरे, सुरेन्द्र सिंह, आरजे साहू, चेतनारायण कश्यप, राजकुमार पाल, अंजना सिंह, स्वाति त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश सिंह, रमेश गुप्ता, योगेन्द्र पटेल, दिनेश जायसवाल, मनोज कोरी, श्रीमती सरोज सिंह, वैशाली सिंह, विमला सोनवानी एवं जिले के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व ने शिक्षक एलबी संवर्ग के निम्न मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। जिला मिडिया प्रभारी चेतनारायण कश्यप एवं राजकुमार पाल ने जिले के समस्त जिला पदाधिकारियों और सदस्यों शिक्षकों को आग्रह किया है कि कल 4:10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बैकुंठपुर में अवश्य उपस्थित रहे।

### प्रशासन की अनदेखी से बिगड़ी शहर की छवि

# रेलवे स्टेशन मार्ग पर अंधेरा, गंदगी और टूटी सड़क से परेशान यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ का रेलवे स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

■ नागरिक बोले शहर का प्रवेश द्वार ही लाचार

सड़क जगह-जगह टूटी हुई है और दोनों ओर फैली गंदगी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। रात के समय यहां स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से अंधेरा छा जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे बनी नालियां कचरे और कीचड़ से पटी हैं। फुटपाथों पर उगी झाड़ियां यह साफ बताती हैं कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि रेलवे प्रशासन और स्थानीय प्रबंधन दोनों ही इस मार्ग की जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते रहते हैं। रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले विनोद अग्रवाल का कहना है कि स्टेशन शहर की पहचान होता है, लेकिन यहां तक पहुंचने वाला रास्ता ही शहर की छवि खराब कर रहा है। वहीं रोजाना ट्रेन से यात्रा करने वाली रेणु तिवारी ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ और अंधेरे में पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, कई बार वाहन फिसल जाते हैं। स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि शहर के इस प्रमुख मार्ग की तत्काल मरम्मत, नियमित सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिले और शहर की छवि में सुधार हो।



रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी

### दीपावली: रंग-रोगन की रफ्तार तेज

**सोनहत।** दीपावली पर्व नजदीक आते ही सोनहत मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में पारंपरिक रूप से घरों, प्रतिष्ठानों से लेकर खेत-खलिहानों तक साफ-सफाई और रंग-रोगन की तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों से सफेद और काली मिट्टी लाकर घरों की लिपाई-पुताई में जुट गए हैं। वहीं मुख्यालय क्षेत्र में पक्के घरों में रंगाई-पुताई एवं आधुनिक रंग-रोगन कराने की तैयारी जोरों पर है। दीपावली को देखते हुए हार्डवेयर दुकानों और जनरल स्टोर्स में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। प्रतिष्ठान संचालक आधुनिक रंग, डिस्टेंपर, पेंट और सफाई उपकरणों की नई खेप मंगा रहे हैं, ताकि लोगों को पर्व से पहले आवश्यक सामग्री आसानी से मिल सके। मुख्यालय स्थित श्री तुलसी हार्डवेयर के संचालक मनोज जायसवाल ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न ब्रांड के रंग-रोगन और सफाई उपकरणों पर विशेष छूट के साथ सेल शुरू की गई है।

# घर के सामने खड़े ऑटो को अज्ञात ने लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 2 स्थित चेहरापारा में शनिवार की देर रात एक सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

■ क्षेत्र में दहशत, पुलिस ने जांच शुरू की

देर रात करीब 11:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक घर के सामने खड़ी ऑटो में आग लगा दी। कुछ ही मिनटों में वाहन आग की लपटों में घिर गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। अचानक हुए धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत घटना की सूचना चरचा पुलिस को दी। पड़ोसियों ने वाहन मालिक की बेटी को भी फोन कर जानकारी दी। परिजन के अनुसार, रोज की तरह गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी, लेकिन जब सूचना मिली तब तक ऑटो पूरी तरह जल चुकी थी। वाहन मालिक गुरूदयाल इस समय अपने पैतृक निवास औरंगाबाद बिहार में हैं। उनकी बेटी ने बताया कि ऑटो को पूरी तरह लॉक किया गया था और डीजल टंकी पर ताला लगा था, जिसे तोड़कर आग लगाई गई है।



संभवतः इसी वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। पीड़िता ने इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पास ही नगर पालिका का कचरा सेंटर और एक राशन सोसायटी है, जहां रात के समय कुछ लोग नशीली ⏭ शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में निःशुल्क आउटरीच कैंप का आयोजन



**चिरमिरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क आउटरीच कैंप का आयोजन वार्ड क्रमांक 9 गेल्हापानी सामुदायिक भवन में किया गया।

उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में चिकित्सकीय सुविधा, दवा वितरण, खून जांच, बीपी ,शुगर जांच एवं नेत्र परीक्षण जांच किया गया। आउटरेज कैंप में 118 मरीजों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया। इसमें 36 पुरूष, 54 महिला, 28 बच्चे रहे। आउटरीच कैंप में ज्यादातर मौसमी बीमारी से ग्रसित मरीज उपस्थित रहे, इसमें खुजली, सर्दी, खांसी, दर्द बुखार के मरीज की संख्या अधिक रही। कैंप में प्रभारी चिकित्सा ⏭ शेष पेज 4 पर

### सबेरे धूप, शाम होते ही छाए बादल

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में 12 अक्टूबर की सुबह से दोपहर तक तेज धूप खिली रही। दोपहर तक तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी का एहसास हुआ, वहीं किसानों ने यह मान लिया कि अब बरसात पूरी तरह थम चुकी है। इसी उम्मीद के साथ कई किसानों ने बाड़ी और तिलहन की खेती की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि शाम 4 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और शाम 6 बजे तक बारिश के आसार बन गए। अचानक बदले मौसम से किसान एक बार फिर संशय में पड़ गए। लगातार हो रही रूक-रूक कर बरसात से खंड क्षेत्र में तिलहन और सब्जियों की बुवाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अब किसान मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

# 17 केन्द्रों में 3889 ने दी वार्ड बॉय एवं आया की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। 17 केन्द्रों में कुल पंजीकृत 4729 में से 3889 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, वहीं 840 परीक्षार्थी किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा प्रातः 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की गई।

छग व्यवसायिक परीक्षा द्वारा आयोजित वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा में सरल सवालों से परीक्षार्थियों के चेहरे परीक्षा उपरांत खिले नजर आए, वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि हमारा ज्यादा समय गणित के सवालों को हल करने में लग गया। परीक्षार्थियों के अनुसार पेपर सरल आया था, जो अच्छे से तैयारी किए होंगे उसके लिए सरल था, लेकिन जिनकी तैयारी ठीक से नहीं रही उनके लिए पेपर कठिन हो सकता है। जानकारी के अनुसार वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम से कई सवाल पूछे गए थे, इसके अलावा गणित के ज्यादातर सवाल पूछे गए थे, वहीं सामान्य ज्ञान को लेकर भी ज्यादा उलझन नहीं रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत छात्र 480 में 407 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं 73 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 में 283 उपस्थित तथा 77 अनुपस्थित, शासकीय मॉडल रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 420 में 356 उपस्थित एवं 64 अनुपस्थित, शासकीय मॉडल गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 480 में 415 उपस्थित तथा 65 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल महलपारा बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में 198 उपस्थित तथा 42 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में 188 उपस्थित तथा 52 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम स्कूल खरवत में पंजीकृत 180 में 149 उपस्थित तथा 31 अनुपस्थित रहे। गर्वमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सलका बैकुंठपुर में पंजीकृत 360, उपस्थित 279 एवं अनुपस्थित 81, डिस्ट्रीक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग ग्राम सलका बैकुंठपुर में पंजीकृत 180 में उपस्थित 140 ⏭ शेष पेज 4 पर



# मृगांक ने आर्म रेसलिंग में जीता स्वर्ण पदक

### दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्थानीय एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं के प्रतिभाशाली छात्र मृगांक शिवहरे ने राष्टीय स्तर पर आयोजित 12 वें मेगा कॉम्पिटिशन में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

■ पद्यश्री बजरंग पूनिया के हाथों हुआ सम्मान

यह प्रतियोगिता एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री बजरंग पूनिया ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, फ्रीस्टाइल रेसलिंग टोक्यो 2020 रहे। उन्होंने स्वयं मंच पर म्रगांक शिवहरे को स्वर्ण पदक पहनाकर और मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विद्यालयों से चुने गए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें बॉर्न टू विन श्रेणी के तहत म्रगांक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। आर्म रेसलिंग में म्रगांक ने फाइनल राउंड में शानदार जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। म्रगांक शिवहरे को केवल आर्म रेसलिंग में ही नहीं बल्कि मार्शल आर्ट और शतरंज जैसे खेलों में भी महारत हासिल है। उन्होंने पूर्व में जिला और राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर्स, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने म्रगांक की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि, म्रगांक न केवल विद्यालय बल्कि मनेन्द्रगढ़ जिले का गौरव हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने यह उपलब्धि दिलाई है। हम उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। इस सम्मान के साथ ही एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का नाम एक बार फिर राष्टीय स्तर पर चर्चित हुआ है। म्रगांक शिवहरे की सफलता से विद्यालय परिवार और शहरवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक 15 को

**बैकुण्ठपुर।** छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा (आईएएस से.नि.), (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को प्रातः 11 से 12.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं कृष्णा गुप्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी तथा जनगणना संबंधी डाटा प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारियों को जिले का संक्षिप्त विवरण एवं योजनाओं की जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# दीपावली की असली रौशनी बच्चों की हंसी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

समाजसेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच ने दीपावली से एक सप्ताह पूर्व ही एक प्रेरणादायक पहल करते हुए ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों के बीच दीपावली उत्सव का आयोजन किया।

■ खुशियों और उमंग से जगमगाया घुटरा हाई स्कूल

यह कार्यक्रम घुटरा हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। इसमें जिसमें आसपास के लगभग दस गांव के 300 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के बीच खुशियां बांटना और त्यौहार की उमंग साझा करना था। बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक जादू शो का आयोजन किया गया, जिसे देखकर बच्चे मंत्रमुग्ध हो उठे। शो के बाद सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया और तत्पश्चात बच्चों को मिठाई, चॉकलेट और पटाखे वितरित किए गए। कार्यक्रम में निखिल अग्रवाल, मनीष गोयल, साकेत मित्तल, रोहन फरमानिया, सार्थक अग्रवाल, रोहित गोयल, आकाश अग्रवाल, मयंक गोयल, राहुल अग्रवाल, कृष गोयल, प्रतीक गोयल, राम अग्रवाल सहित समाज के वरिष्ठजन रतन कुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, राजेश गोयल, उन्नत शर्मा और भूषण अग्रवाल उपस्थित रहे।

विद्यालय के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, आनंद और सामाजिक जुड़ाव की भावना को बढ़ाता है। इस अवसर पर मंच के निखिल अग्रवाल ने कहा कि दीपावली केवल दीयों की रौशनी का पर्व नहीं, बल्कि मानवता और एकता का प्रतीक है। जब हम दूसरों के जीवन में खुशियां बांटते हैं, तभी सच्चे अर्थों में उजाला फैलता है। मनीष गोयल ने कहा कि त्योहार का असली आनंद तभी है, जब हम समाज के हर वर्ग को अपनी खुशियों में शामिल करें। आज इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी दीपावली है। रोहन फरमानिया ने कहा कि बच्चों की आंखों में चमक और मासूम मुस्कान देखना ही दीपावली का सच्चा अर्थ है। हर मुस्कुराता चेहरा एक जलते दीपक की तरह समाज में रोशनी फैलाता है। साकेत मित्तल ने कहा कि दीपावली हमें सिखाती है कि अंधकार पर प्रकाश की जीत तभी संभव है, जब हम सब मिलकर किसी के जीवन में उम्मीद जगाएं। ⏭ शेष पेज 4 पर




### विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

# स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से बनेगा भारत आत्मनिर्भर : भईयालाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देशव्यापी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन अस्थायी भाजपा कार्यालय भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों व व्यापारियों से वोकल फॉर लोकल के तहत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और समर्थन का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना गर्व और शक्ति का प्रतीक होना चाहिए, मजबूरी नहीं। उन्होंने दुकानों में स्वदेशी बोर्ड लगाने की अपील करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि जहां पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है, वहीं भारत ने 2030 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने का संकल्प लिया था, लेकिन देश ने यह लक्ष्य पहले ही 2025 तक पूरा कर दिखाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि सौर, परमाणु, जल विद्युत और हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा, अंतरिक्ष और तकनीकी नवाचारों में आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने बताया कि देश में 300 से अधिक स्टार्टअप उपग्रह एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर अशोक जायसवाल, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, शैलेश शिवहरे, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, सुनीता कुर्रे, सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।




सम्मेलन में उपस्थि विधायक भैयालाल राजवाड़े व अन्य।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# देवगढ़ रेंज में अवैध लकड़ी और शासकीय संपत्ति के दुरूपयोग पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

वन विभाग एक्शन मोड में नजर आ रहा है। देवगढ़ रेंज में हाल ही में पदस्थ नए रेंजर के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों पर लगातार नकेल कसने की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत केशगवां में एक पक्के मकान में अवैध लकड़ी लगाने के मामले में वन अमले ने छापेमारी की।

■ ग्राम केशगवां में पक्के मकान से बरामद हुई लकड़ी

सूत्रों के अनुसार जिस व्यक्ति के घर पर यह कार्रवाई की गई है, उस पर पहले से ही कई गंभीर आरोप हैं। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत केशगवां द्वारा वर्ष 2021-22 में वन क्षेत्र में निर्मित 15 नग बोल्डर चेक डेम और वन विभाग की टेंच लाइन (जंगल घेराव) को तोड़कर चोरी-छिपे बोल्डर बेचने का आरोप है, इसके अलावा कुछ तालाबों की बोल्डर पीचिंग और गिट्टी तोड़कर बेचने का भी मामला सामने आया है। आरोप है कि शासकीय संपत्ति का दुरूपयोग करते हुए आरोपी ने अवैध रूप से मोटी रकम अर्जित की। यहां तक कि कुछ बोल्डर अपने घर के पास भी रखे गए थे, जिन्हें बेचने की तैयारी चल रही थी। फिलहाल इस पूरे प्रकरण की जांच वन विभाग द्वारा की जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी और जांच एवं संभावित जब्ती की कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### भव्य श्याम गुणगान के पोस्टर का कैबिनेट मंत्री ने किया विमोचन

**अंबिकापुर।** जिले के उदयपुर में 7 जनवरी 2026 को श्याम बाबा के भव्य गुणगान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है और श्याम गुणगान कार्यक्रम के पोस्टर का शनिवार को प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने विमोचन किया। इस कार्यक्रम के आयोजक श्याम दीवाने भगवाधारी के मनीष बंसल ने बताया कि लगातार चौथे वर्ष यह आयोजन किया जाएगा जिसमें भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी एवं पप्पू महाराज जी के पावन सानिध्य में पूजा प्रारंभ की जाएगी। श्याम जगत के ख्याति प्राप्त भजन प्रवाहक रेशमी शर्मा (समस्तीपुर), सुनील डाया नामदेव (हिसार), कर्णिका ग्रोवर (नीमच),संतोष महंत(शक्ति) अपनी मनमोहक वाणी से बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। , आयोजन के दौरान श्याम रसोई और बाबा के खजाना का ड्रॉ भी किया जाएगा जिसमें पुरस्कार में कार, बाइक , स्कूटी , सोने के सिक्के और अनेक पुरस्कार दिए जाएंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विजय बंसल, विक्की गुप्ता, मनीष बंसल, दीपक सिंघल, सावन अग्रवाल, गौरव, अंकित, विकास, सत्यम एवं श्याम दिवाने मौजूद थे।

### स्वयं सेवकों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली



**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज रेड रिबन क्लब, रासेयो एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरगवां में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महीधर दुबे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को एड्स होने के कारणों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। रेड रिबन क्लब के स्वयं सेवकों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों और स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ.मोहन राव मामडीकर ने छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति सजग रहने की सलाह दी तथा उन्नत भारत अभियान के कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक श्रीमती पूनम दीवान सहित अन्य अध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### धक्का मुक्की में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में आए मेहमान द्वारा धक्का मुक्की करने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला के केल्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोकड़ा निवासी रामनरेश आ. स्व. हीरालाल बसोड़ (47 वर्ष) पिछले एक साल से पत्नी अनारकली के साथ बिजुरी के ग्राम लोसरा में किराए के मकान में रहकर भीख मांगकर जीवकोपार्जन कर रहा था। कुछ दिनों पूर्व ही बैकुंठपुर के ग्राम सलका निवासी जुगनू आ. जितेन्द्र बसोड़ ग्राम लोसरा रामनरेश के यहां मेहमानी में गया था। 4 अक्टूबर को किसी बात को लेकर रामनरेश और जुगनू के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान जुगनू ने रामनरेश को धक्का दे दिया, जिससे वह दीवार से टकरा जाने से घायल हो गया। पत्नी अनारकली अपने पति के हाथ में तेल से मालिस कर देती थी, जिससे चोट के स्थान से चमड़ी का परत हटने लगा, लेकिन दर्द से मुक्ति नहीं मिल रही थी। 9 अक्टूबर को पत्नी घायल पति को मनेन्द्रगढ़ जिला अस्पताल कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दियाय जहां बीती रात उपचार केक दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### हाई स्कूल लैंगा में किया गया छात्राओं को साइकिल वितरण

**लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल लैंगा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 26 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी एवं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि दिनेश बारी ने छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय प्रशासन को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जायसवाल, जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शिवराज सिंह, शाला विकास समिति के सदस्य मान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, स्कूल प्रभारी खगेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## रेडियोलॉजिस्ट है छुट्टी पर, सोनोग्राफी के लिए भटक रहे मरीज

# रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में पर्याप्त जांच के संसाधन उपलब्ध है लेकिन अस्पताल में पर्याप्त रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से अब अस्पताल प्रबंधन रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा है। हालांकि पूर्व में कुछ रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई थी लेकिन रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सकों के छुट्टी पर चले जाने से समस्या बढ़ जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले तीन माह से जहां रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से सोनोग्राफी सहित सीटी स्कैन व एमआरआई की व्यवस्था चरमरा गई है। आलम यह है कि अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज समेत परिजन परेशान है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने पहुंचे है लेकिन एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने तथा समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से कई परिजन मरीज का निजी संस्था में ही सोनोग्राफी कराना उचित समझ लौट जाते है।

**खास बात**

- एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे संचालित है सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी व सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए अलग-अलग रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त है परंतु रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है। रेडियोलॉजिस्ट के तबीयत खराब हो जाने पर इसका सीधा असर न सिर्फ सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई सेवा पर पड़ा बल्कि ऑनलाइन रिपोर्टिंग होने से अब गिनती के मरीजों की जांच हो रही है। जबकि अधिकांश मरीजों को परिजन निजी संस्था में जांच कराने को मजबूर है। इधर अस्पताल प्रबंधन किसी तरह एक रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की व्यवस्था की है लेकिन उस चिकित्सक पर भी सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की जिम्मेदारी होने पर अतिरिक्त भार बढ़ गया है। ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट समय निकाल कर सोनोग्राफी करते है। सोनोग्राफी के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट के होने से अब मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने अस्पताल पहुंचे परंतु सोनोग्राफी नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कई बार तो भीड़ ज्यादा होने से विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है और पुलिस को समझाइश देने आना पड़ता है। इधर कई मरीज के समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से उनका उपचार शुरू नहीं होता जिससे परिजन परेशान है। अस्पताल में जांच उपकरण होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने पर मरीज निजी संस्था में सोनोग्राफी कराने को मजबूर है।



सोनोग्राफी कराने मरीजों की भीड़।

### दूसरे दिन बाद आता है नम्बर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शहर सहित दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। जिसमें से अधिकांश मरीज ऐसे होते है जो केवल सोनोग्राफी कराने ही अस्पताल आते है। लेकिन एक रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से उनकी समय पर जांच नहीं हो पाती। ऐसे में सोनोग्राफी कराने के लिए परिजन को नंबर लगाना पड़ता है। एक दिन में 15 पुरुष एवं 15 महिला मरीजों का ही सोनोग्राफी होता है ऐसे में मरीज का नम्बर दूसरे या तीसरे दिन आता है जिससे अधिकांश मरीज बिना सोनोग्राफी कराए ही वापस लौट जाते है।

### अनुपयोगी हुए लाखों की मशीन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए संसाधन की कमी नहीं है। लाखो की लागत से सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसमें से एक पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन शामिल है। हालांकि पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का उपयोग चिकित्सक प्रसव के लिए दाखिल प्रसूता के लिए करते है। एमसीएच में सोनोग्राफी मशीन में से 32 लाख की लागत से सोनोग्राफी मशीन प्रसूताओं की सुविधा के लिए लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है परंतु एक रेडियोलॉजिस्ट होने तथा अन्य रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से अब सोनोग्राफी मशीन अनुपयोगी हो गई है।

### रेडियोलॉजिस्ट की है कमी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की कमी है। दो रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है जिससे सोनोग्राफी करने में समस्या हो रही है। एक रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट प्रोफेसर की नियुक्ति हो जाती है तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

-डॉ.आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## रामनगर में निकली भव्य कलशयात्रा श्री शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामनगर/बिश्रामपुर



रामनगर के हाई स्कुल स्टेडियम ग्राउंड में शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की कलश यात्रा निकलने के साथ श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया है,शुक्रवार की दोपहर को काफी संख्या ने भक्तों ने ग्राम रुनियाडीह स्थित शिव मंदिर से नजदीक रेड़ नदी तट से कलश में जल उठाव किया एवं 4 किलोमीटर पैदल यात्रा कर रामनगर के स्टेडियम ग्राउंड में पूजा व कथा स्थल पर कलश स्थापित किया गया है,अगले दिन शनिवार को विधिवत मन्त्र उच्चारण के साथ शिवलिंग की पूजा की गई,गौरतलब है कि दिनांक 10 अक्टूबर शुक्रवार से 19 अक्टूबर तक दस दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम रामनगर, रामपुर, सरस्वतीपुर व रुनियाडीह के ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से किया जा रहा है,इसमें सोहागपुर, दतिमा, करंजी समेत आसपास के कई गावों के श्रद्धालु कथा में शामिल हो रहे हैं,श्री शिव महापुराण कथा के श्रवण अनुष्ठान के लिए विशेष रूप से श्रीधाम वृन्दावन के कथावाचक आचार्य विनयकान्त त्रिपाठी का रामनगर में आगमन हूआ है,आज रविवार को शिवनैवेध रुद्राक्ष प्रतिमा,नारद मोह की कथा उच्चारण किया जाना है,इसके पश्चात शिव पार्वती महोत्सव, गणेश जन्मोत्सव, कार्तिकेय चरित्र, हनुमान जन्मोत्सव, धनतेरस महोत्सव कथा सम्पन्न होने के साथ दिनांक 19 अक्टूबर रविवार को हवन पूर्णाहुति के साथ महापुराण कथा का समापन किया जायेगा।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मत्स्य कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी

**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में विभागीय तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती स्वाति संत सिंह अध्यक्ष जनपद ने की। प्रशिक्षण में अतिथियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में मत्स्य कृषकों को विस्तार पूर्वक बताया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही साथ मछली पालन में नई तकनीकों जैसे पौंड लाइनर, आरएएस, झींगा पालन के बारे में भी जानकारी दिया गया। मछली बीज उत्पादन एवं संवर्धन से संबंधित जानकारी सुधाकर बिसेन, सहायक मत्स्य अधिकारी द्वारा बताई गई। मछली बीज संचयन , परिवहन, एवं प्रबंधन के बारे में निलेश साहू मत्स्य निरीक्षक प्रतापपुर द्वारा कृषकों को जानकारी दी गई। मछलियों में रोगों के कारण और निदान से संबंधित जानकारी सनाजीत घोरोई एरिया सेल्स मैनेजर द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित चयनित 3-3 मत्स्य कृषकों को आइस बॉक्स एवं जाल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम पश्चात कृषकों को प्रगतिशील मत्स्य कृषक नरेंद्र सिंह के निजी मछली फार्म का भ्रमण कराया गया जहां उनके द्वारा पौंड लाईनर में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान यशवंत प्रताप सिंह, रामलाल राजवाड़े, संत सिंह, मनोज सिंह, ओमप्रसाद, गौतम रजवाड़े, कैलाश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद राजवाड़े उपस्थित रहे।



## खबर प्रकाशन के बाद बलियारी जंगल पहुंची पीएचई की टीम, लिया पानी का नमूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीणों की पेयजल समस्या निकट भविष्य में खत्म होने की उम्मीद है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम पानी का नमूना एकत्र करने बलियारी जंगल पहुंची। कर्मचारियों ने बताया कि पानी की जांच कराई जाएगी तथा जांच में मिले दोषों को दूर करने आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल पानी निकलने से ग्रामीण पी रहे नदी का पानी

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम तेलाईपाट में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं होने के कारण लगभग 50 पण्डो परिवार वर्षों से बलियारी जंगल स्थित रेड़िया नदी के किनारे निवासरत है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्ती में हैण्डपंप लगाया गया है। पिछले कुछ समय से हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीणों ने हैण्डपंप के पानी का उपयोग बंद कर दिया है तथा रेड़िया नदी का गंदा पानी पी रहे हैं। हरिभूमि ने इस संबंध में 8 अक्टूबर के अंक में बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीण रेड़िया नदी का गंदा पानी पीने मजबूर शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी अविनाश मिंज ने हैण्डपंप के पानी का नमूना लेने के लिए गुरूवार को विभाग की तकनीकी टीम को भेजा। टीम के सदस्यों ने हैण्डपंप के पानी का नमूना एकत्र किया तथा ग्रामीणों से भी पानी की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। कर्मचारियों ने पानी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।



## अलग-घटनाओं में दो युवकों ने लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** दो अलग -अलग घटनाओं में दो युवकों ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम केशवनगर गोंडपारा निवासी 25 वर्षीय रामलाल देवांगन पिता स्व. चंद्रभान देवांगन ने शुक्रवार की शाम अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि रामलाल नशा का आदि था। अत्यधिक नशे की वजह से उसकी दिमागी संतुलन भी बिगड़ा हुआ था। इसी तरह करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बतरा नवापारा निवासी 30 वर्षीय राजू राजवाड़े पिता बेचन राजवाड़े ने शनिवार की दोपहर अपने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। करंजी पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी लंबे समय से अपने मायके में ही रहती है। सूचना पर दोनों मामले में बिश्रामपुर व करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक सम्मेलन

**अंबिकापुर।** सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि अभिभावक एवं शिक्षक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और गतिविधियों की सराहना की तथा अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सम्मेलन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का माध्यम है।

## डीईओ कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिला शिक्षा कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट के बीच नगर वासियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और कार्यालय को यथावत रखने की मांग की। कार्यालय करीब 5 दशकों से रामानुजगंज में संचालित हो रहा है। अविभाजित सरगुजा जिला से अलग होकर शैक्षिक जिला रामानुजगंज के नाम से कार्यालय प्रारंभ हुआ था। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। नगरवासियों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर एसडीएम आनंद नेताम और तहसीलदार भी पहुंच बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान नगर वासियों की चिंताओं और विरोध को गंभीरता से सुना गया।

सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता,अजय सोनी, राम सेवक गुप्ता,जयप्रकाश गुप्ता, शर्मिला गुप्ता और प्रतीक सिंह सहित नागरिक शामिल थे। उन्होंने कहा कि रामानुजगंज जो अविभाजित सरगुजा से अलग होकर शैक्षणिक जिला के रूप में स्थापित हुआ था। यहां वर्षों पुरानी कार्यालय को स्थानांतरित करना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में भी इसकी संचालन व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। उनका तर्क था कि बलरामपुर स्थानांतरण करना केवल अब अव्यावहारिक होगा बल्कि स्थानांतरित करना जनता के हितों की विपरीत जाएगा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से शैलेश गुप्ता ने कहा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत होने वाले जिला स्तर के विभिन्न बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रम रामानुजगंज में भी आयोजित होने चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव ने कहा कि जिस प्रकार से पूर्वतः व्यवस्था चल रही थी उसी प्रकार से चलेगी। एसडीएम आनंद नेताम ने भी लोगों को आश्वस्त किया की व्यवस्था पूर्वतः रहेगी। जन भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय लग रहा है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला से अलग होकर 5 दशक पहले शैक्षिक जिला रामानुजगंज का गठन हुआ था ऐसे में यहां से कार्यालय को स्थानांतरित किया जाना विधि सम्मत नहीं होगा।

- रामानुजगंज में हो रहा संचालित

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने अरुण को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े युवती की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद भाग रहे हत्यारे को पकड़ने वाले अरुण सिंह टीचर्स एसोसिएशन ने सम्मानित किया है। अरुण सिंह ने घटना के बाद भाग रहे आरोपी को अपनी जान की परवाह किए बिना पकड़कर पुलिस के हवाले किया जबकि घटना के बाद कुछ लोग मौके पर खड़े होकर वीडियो बनाने में ही व्यस्त थे। शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती की चाकू मारकर हत्या करने के बाद भाग रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। ऐसे में छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक अरुण कुमार सिंह को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने अरुण सिंह को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान संगठन के काजेश घोष, राकेश दुबे, अमित सोनी, राजेश सिंह, नाजिम खान शामिल रहे।



## सरगुजा के 250 से अधिक विद्युतकर्मियों ने धरना-प्रदर्शन में की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** अपनी मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को रायपुर में आमसभा एवं प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में सरगुजा के 250 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने भागीदारी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी ने मांगों के पूरा होने तक क्रमिक आंदोलन जारी रहने की घोषणा की।

## करंजी व दतिमा में ग्रामीण परिवारों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया,गौरतलब है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर की अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और डीएलएसए सचिव कु.पायल टोपनो के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए,कार्यक्रमों की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता विशेष न्यायालय सुरजपुर व फास्ट ट्रैक के अपर जिला सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल थे,न्यायाधीश वारियाल ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन का उपयोग सावधानी से करने और इसे केवल शिक्षा बढ़ाने की सलाह दी,क्योंकि इंटरनेट पर सारी जानकारी उपलब्ध हैं,उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से कृत घटनाओं का उदाहरण देते हुए सोशल मीडिया के उपयोग पर विशेष सावधानी बरतने को कहा,ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेल जैसे अपराधों पर भी जानकारी दी,मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करता है,तो चालक के साथ-साथ गाड़ी मालिक पर भी कार्यवाही होगी,जिसमें जुर्माने और सजा का प्रावधान है,न्यायाधीश वारियाल ने आईटी एक्ट के प्रावधानों की भी जानकारी दी,उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर वे अपने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा देते हैं,तो उनकी ऑनलाइन एक्टिविटी पर विशेष ध्यान दें,उन्हें नोटिस करते रहें,और बीच-बीच में मोबाइल हिस्ट्री चेक कर उनसे बात करें।

उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के प्रावधानों,नालसा की टोल फ्री नंबर 15100 की सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्य,नालसा की मंशा और नवीन योजनाएं,बाल न्यायालय और सामान्य न्यायालय में न्यायालयीन कार्य प्रक्रिया की भी जानकारी दी,इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह,प्राचार्य बीके नंदी,दतिमा की सरपंच,पीएलवी सत्य नारायण और उमेश कुमार राजवाड़े व अन्य उपस्थित रहे।




**बिजनेस प्लस**

## कोरबा शहर में सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** प्रदेश की ज्वेलरी मार्केट में नाम बना चुके सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का शुभारंभ शनिवार को पुराने कोरबा व्यवसायिक परिसर में किया गया। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स प्रबंधन उपस्थित थे। कोरबा शहर में ज्वेलरी मार्केट के बढ़ते क्रेज को देखते हुए नई रेंज की ज्वेलरी लेकर सुमित ज्वेलर्स के शोरुम की शुरुआत शनिवार को हुई। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स के संस्थापक और प्रबंधक अंकित कंकेरिया ने बताया कि 2005 में रायपुर से उन्होंने अपने ज्वेलरी शोरुम की शुरुआत की थी। इसके पीछे उनका उद्देश्य प्रदेश के ग्राहकों को ज्वेलरी मार्केट के क्षेत्र में नई रेंज और डिजाइन की ज्वेलरी उपलब्ध कराना रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते 20 वर्षों के दौरान प्रदेश के 4 बड़े शहर दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, राजिम में शुरु की गई है। कोरबा में उनकी यह पांचवीं ब्रांच है। कोरबा शहर के मार्केट में ज्वेलरी मार्केट की अलग पहचान बन चुकी है। शहर के ज्वेलरी पसंद ग्राहकों को सुमित ज्वेलर्स में हैवी और लाइट वेट के ज्वेलरी उपलब्ध रहेगी। इसमें नई डिजाईन और रेंज की ज्वेलरियों की प्रमुखता रहेगी। देश के महानगरों की तरह कोरबा शहर के ग्राहकों को भी अच्छी कीमत में ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी कई वैरायटी मौजूद रहेंगी। शोरुम के शुभारंभ अवसर पर सुमित ज्वेलर्स रायपुर ब्रांच के अर्पित कंकेरिया, कोरबा शहर के ब्रांच संचालक पारस जैन, प्रकाश जैन आदि उपस्थित थे।





# दिलजीत दोसांझ फिर इम्तियाज अली संग करेंगे फिल्म...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ गायकी के साथ-साथ अपनी एक्टिंग से भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। ताजा अपडेट है कि गायक प्रेम कहानी पर आधारित एक नई फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। जाहिर है कि दिलजीत और इम्तियाज इससे पहले फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए साथ आए थे। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा नजर आईं थी। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बिना टाइटल वाली इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में पूरी करने के बाद, कास्ट और क्रू पंजाब के लिए रवाना हो गए हैं। दिलजीत के अलावा शरवरी, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।

लाइफ Style



# शरवरी

## अहान संग मचाएंगी धमाल

'सैयारा' अभिनेता अहान पांडे किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। प्रशंसक उनकी नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ के होने की चर्चा है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म पर ताजा अपडेट आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बताया गया है कि ये एक्शन-रोमांस से भरपूर फिल्म होगी। अहान और शरवरी ब्रिटेन में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, अली अब्बास अगली फिल्म अहान और शरवरी के साथ शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग अगले साल मार्च, 2026 से शुरू की जाएगी। अहान और शरवरी की जोड़ी वाली ये फिल्म पहले से प्रशंसकों को उत्साहित कर रही है। अली अब्बास एक बार फिर आदित्य चोपड़ा के साथ निर्देशक के तौर पर अपनी एक्शन-रोमांस फिल्म पर काम शुरू कर रहे हैं।

अली अब्बास 'टाइगर जिंदा है', 'गुंडे', 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'सुल्तान' जैसी हिट फिल्में बनाकर वह पहले ही प्रशंसकों से वाहवाही लूट चुके हैं। अब वो 5वीं बार यशराज फिल्म्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अहान इस वक्त अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दूसरी तरफ शरवरी आगामी फिल्म 'अल्फा' की तैयारी में जुटी हुई हैं। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस 7वीं किस्त में आलिया भट्ट भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# शादी में पहनी थी लाखों की ड्रेस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका सेलेना गोमेज की शादी इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। इस जश्न में सेलेना की दोस्त और मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी शामिल हुईं। दिलचस्प बात ये है कि टेलर ने इस मौके पर करीब 33.7 लाख रुपये कीमत की ड्रेस पहनकर लाइमलाइट लूट ली। सुनहरी ड्रेस में गायिका बहुत खूबसूरत लगीं। उनकी ड्रेस में फ्लोरल एप्लिक और सेक्विन जड़े थे। इस ड्रेस को डिजाइनर ऑस्कर डे ला रेंटा ने डिजाइन किया है।



# करवाचौथ पर लगाई निक के नाम की मेहंदी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में प्रसिद्धि पा चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भले ही निक जोनस के साथ सीमा पार रहती हों, लेकिन भारतीय त्योहारों को वो पूरी शिद्दत से मनाना जानती हैं। 10 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर प्रियंका ने भी पूरी तैयारी की थी। उन्होंने पति निक के नाम की मेहंदी अपने हाथों में रचाई। मेहंदी की तस्वीरें अभिनेत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेहंदी की कुछ तस्वीरों साझा की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने अपने हाथ में लगी खूबसूरत मेहंदी की झलक दिखाई। उनकी हथेली पर लिखे 'निकोलस' नाम से प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। बहुत कम लोगों को पता होगा कि निक का पूरा नाम 'निकोलस जेरी जोनस' है।



# 'महारानी-4' 7 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की वेब सीरीज 'महारानी 4' का इंतजार काफी समय से था। निर्माताओं ने टीजर जारी करते हुए इंतजार खत्म कर दिया है। साथ में रिलीज की तारीख का खुलासा भी किया है। सोनी लिव ने 'महारानी 4' का टीजर इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की सुरक्षा करने आ गई है। महारानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार है।' 'महारानी 4' को 7 नवंबर से सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। 'महारानी 4' में हुमा फिर निडर नेता के किरदार में लौटी हैं। विपिन शर्मा और श्वेता बसु प्रसाद भी सीरीज का हिस्सा हैं। विपिन को नेता के किरदार में दिखाया गया है। अमित सियाल, विनीत कुमार, शार्दुल भारद्वाज, कनी कुसरुति और प्रमोद पाठक भी अहम किरदार में हैं।



# हार्दिक-माहिका एक साथ आए नजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। काफी वक्त से उनका नाम माहिका शर्मा संग जुड़ रहा है। अब दोनों ने साथ आकर अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। ये पहला मौका है, जब हार्दिक और माहिका को मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया। जब पैपराजी ने दोनों की तस्वीरें खींचने की कोशिश की तो हार्दिक ने माहिका को आगे जाने दिया। इसके बाद क्रिकेटर खुद भी चले गए। नताशा स्टेनकोविक से 2024 में अलग होने के बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश गायिका जस्मिन वालिया के साथ खूब उछाला गया था। हालांकि, हार्दिक ने कभी इन अफवाहों पर गौर नहीं किया और न कभी सफाई देना जरूरी समझा। अब लगता है कि क्रिकेटर को माहिका के रूप में अपना नया प्यार मिल गया है।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': शहबाज को ताने मिलने पर भावुक हुईं शहनाज...

**मुंबई।** अभिनेत्री शहनाज गिल का उनके छोटे भाई शहबाज बदेशा के लिए प्यार किसी से छिपा नहीं है। शहनाज की बदौलत ही शहबाज को 'बिग बॉस 19' के घर में दूसरा मौका मिला था। शो के पिछले एपिसोड में शहबाज ने बताया था कि लोग उन्हें हमेशा ताने मारते हैं। उन्हें 'बहन के टुकड़ों पर पलने वाला' कहते हैं। उनके इस खुलासे के बाद शहनाज भावुक हो गईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर शहबाज के लिए एक पोस्ट साझा किया है।

***शहनाज ने लिखा भावुक पोस्ट :*** शहनाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'आप हमेशा मुझे बुराई से दूर रखते हैं, और हमेशा मेरा बचाव करते हैं।दुनिया नहीं जानती है, कि आपने मेरे लिये क्या-क्या किया है, लेकिन मैं जिंदगी भर आपके लिए सब कुछ करती रहूंगी...।' पोस्ट के साथ में, शहनाज ने 'लाल दिल' वाले इमोजी भी साझा किए हैं। अभिनेत्री की पोस्ट पर प्रशंसक भी उनका समर्थन कर रहे हैं, और शहबाज को मजबूत रहने की सलाह दे रहे हैं।

# तब्बू 27 साल बाद आईं नागार्जुन के साथ

## सुपरस्टार की 100वीं फिल्म में निभाएंगी अलग किरदार

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी अपनी 100वीं फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम 'किंग 100' बताया जा रहा है। साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी मशहूर नागार्जुन पिछली बार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आए थे और खूब वाहवाही लूटी थी। अब उनकी फिल्म 'किंग 100' से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिसके बाद उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। खबर है कि तब्बू फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।

***फिल्म में बेहद अहम भूमिका निभाएंगी तब्बू :*** रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू से जब इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई। उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट और इसमें अपना किरदार पसंद आया है। इस फिल्म में तब्बू के साथ नागार्जुन को रोमांस करते नहीं देखा जाएगा, बल्कि उन्हें इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए साइन किया गया है। तब्बू और नागार्जुन पर्दे पर पहले भी धमाल मचा चुके हैं। ऐसे में ये फिल्म उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।



***इन फिल्मों में साथ काम कर चुके नागार्जुन और तब्बू :*** तब्बू और नागार्जुन की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया था। आखिरी बार उन्हें साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'आविदा मां आविदे' में देखा गया था। फिल्म को तमिल भाषा में डब किया गया था, वहीं हिंदी में 'बीवी नंबर 2' नाम से इसका रीमेक बनाया गया था। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'निन्ने पेलाडाटा' के लिए साथ आए थे। उधर नागार्जुन की कॉमेडी फिल्म 'सिसिंदरी' में तब्बू ने कैमियो किया था।

### नागार्जुन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा में रहीं तब्बू

नागार्जुन और तब्बू अपने अफेयर को लेकर खूब चर्चा में रहे। नागार्जुन ने पहली शादी लक्ष्मी तो दूसरी शादी अमला अक्किनेनी से की। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जिंदगी में तब्बू को एंट्री दी। बताया जाता है कि दोनों ने करीब 10 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।हालांकि, नागार्जुन के शादीशुदा होने के चलते उनके इस रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई। अभिनेता ने खुद एक इंटरव्यू में तब्बू के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था।

# शाहरुख की 'किंग' पर निर्देशक की पोस्ट से फैंस उत्सुक

**मुंबई।** शाहरुख खान को 2023 में आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था। अब उनकी अगली फिल्म 'किंग' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग का कुछ हिस्सा अभी बाकी है। इस बीच निर्देशक ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया है, जिसने लोगों के दिलों की धड़कनों को तेज कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' को लेकर कुछ नया अपडेट आने वाला है।



***सिद्धार्थ की पोस्ट देख बढ़ी उत्सुकता :*** सिद्धार्थ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, 'टिक. टॉक. टिक. टॉक।' ये पोस्ट जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'टिक टॉक... बैंग बूम... जितना बड़ा **#SRKian**, उतनी तेज धड़कन। मेरी तो भगदड़ मच गई।।' दूसरे ने लिखा, 'यह आ रहा है... 2 नवंबर... **#KING** का पहला लुक लोड हो रहा है।' खैर प्रशंसक 'किंग' पर निर्माताओं की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

***फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे:*** ये पहला मौका होगा, जब 'किंग' में शाहरुख को अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखा जाएगा। रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा, राघव जुयाल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज को 2027 तक के लिए टाल दिया गया है। बता दें कि शाहरुख को हाल ही में फिल्म 'जवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये फिल्म सितंबर, 2023 में रिलीज हुई थी।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बुरा हाल, फ्लॉप होने की कगार पर फिल्म

**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। ये फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने सिर्फ 8 दिनों के अंदर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। फिल्म न तो अपना बजट निकाल सकी और न इसे बड़े सितारों के होने का फायदा मिल सका। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिस सुस्त गति से बॉक्स ऑफिस पर बढ़ रही है, उसे देखकर कहना गलत नहीं होगा कि ये बड़ी फ्लॉप साबित होने की कगार पर है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 40.75 करोड़ रुपये हुआ है, जिससे साफ है कि 80 करोड़ रुपये का बजट निकालने के लिए इसे और मशक्कत करनी पड़ेगी। यूं तो शशांक खेतान के निर्देशन में बनी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का जादू दर्शकों के सिर से उतरने लगा है, लेकिन जाह्नवी ने इसके जरिए एक रिकॉर्ड बना लिया है।



## बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है

# मोहनलाल की 'वृषभ' को टक्कर देंगी द गर्ल फ्रेंड और जटाधारा

*मुंबई। सुपरस्टार मोहनलाल को हाल ही में भारतीय सिनेमा का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दादा साहेब फाल्के से सम्मानित किया गया था। मलयालम से लेकर हिंदी तक, कई अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके मोहनलाल एक ओर जहां ममूटी के साथ अपनी फिल्म 'पेट्रियट' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ की राह भी उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। अब अभिनेता ने अपनी इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है।*

### 6 नवंबर को रिलीज हो रही फिल्म

मोहनलाल ने एक्स पर फिल्म से अपना धांसू पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'धरती हिल रही है। आसमान जल रहा है। नियति ने अपना योद्धा चुन लिया है। 'वृषभ' 6 नवंबर को आ रही है।' बता दें कि पहले ये फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे नवंबर तक के लिए टाल दिया गया है। मोहनलाल के प्रशंसक सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

### 7 नवंबर को आ रहीं ये 2 फिल्में

'वृषभ' जहां 6 नवंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी, वहीं रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के साथ 7 नवंबर को बड़े पर्दे पर हाजिरी लगाने वाली हैं। उनकी ये फिल्म तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। उधर सोनाक्षी सिन्हा भी 7 नवंबर को ही अभिनेता सुधीर बाबू के साथ 'जटाधारा' लेकर सिनेमाघरों का रुख करेंगी। बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है, फिलहाल ये देखना दिलस्प होगा।







### आते ही छा गया था 'वृषभ' का टीजर

इस साल सितंबर में 'वृषभ' का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे देख दर्शकों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा देगी। योद्धा बने मोहनलाल के एक्शन भरे अंदाज ने लोगों को बाहुबली की याद दिला दी थी। नंद किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था। प्यार, तकदीर और बदले की दास्तां कहती ये फिल्म बाप-बेटी के अटूट रिश्ते का जश्न मनाती दिखेगी।

### शनाया कपूर इस फिल्म से कर रहीं साउथ में एंट्री

एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण हो रहा है और एक और खास बात ये है कि इसके जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर साउथ में कदम रख रही हैं। ये उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। इससे पहले शनाया ने विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक सम्मेलन

**अंबिकापुर।** सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि अभिभावक एवं शिक्षक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और गतिविधियों की सराहना की तथा अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सम्मेलन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रदर्शन दोनों में सुधार होता है।

### हाई स्कूल लैंगा में साइकिल वितरण

**लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल लैंगा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 26 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी एवं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि दिनेश बारी ने छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय प्रशासन को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जायसवाल, जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शिवराज सिंह, शाला विकास समिति के सदस्य मान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, स्कूल प्रभारी खगेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### संजय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने स्थानीय पर्यवेक्षक संजय कुमार पाण्डेय को पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ का प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया है। संघ में पर्यवेक्षकों की सक्रिय भागीदारी व संगठन की मजबूती के लिए उनकी नियुक्ति की गई है।

गुरूवार से ननि कर रहा सड़क किनारे संचालित ठेला-गुमटियों पर कार्रवाई

# तीसरे दिन ननि ने अभियान चलाकर स्कूल रोड से हटाया ठेला-गुमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कार्रवाई करते ननि कर्मचारी।

**खास बात**

- सड़क पर सामान फैलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की तैयारी

अपनी दुकानों के बाहर सड़क पर सामानों की नुमाइश लगाने वाले दुकानदारों को अब ननि की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। ननि कर्मी एक-दो दिन बाद ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं। अभियान के तहत ननि अमला दुकानों के बाहर रखे सामानों को जब्त करने के साथ ही व्यवसाइयों पर जुर्माना लगाने की तैयारी में है।

ननि गुरूवार से शहर की सड़कों के किनारे संचालित ठेले, गुमटी को हटाने का अभियान चला रहा है। ऐसे ठेला, गुमटी संचालकों को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद गुरूवार को चौपाटी के पास संचालित ठेला-गुमटियों को हटाया गया। शुक्रवार को अभियान के तहत ननि अमले ने स्कूल रोड में संचालित ठेले-गुमटियों को हटाया। ननि की कार्रवाई से ठेला-गुमटी संचालकों में हड़कंप मचा रहा। संचालकों ने अपने ठेले-गुमटी को हटाने के लिए कुछ समय देने की गुहार लगाते रहे लेकिन ननि कर्मी नोटिस की मियाद पूरी होने का हवाला देकर पूरे दिन कार्रवाई करते रहे। मार्ग में शेष बचे ठेले-गुमटियों को शनिवार को हटाया जाएगा। शहर की सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से संचालित ठेले-गुमटियों को हटाने के बाद ननि सड़क पर सामानों को फैलाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। दो-तीन दिन के भीतर ननि अभियान चलाकर ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त करने के साथ ही दोबारा ऐसा करने पर जुर्माना वसूलने की तैयारी में है। आयुक्त ने बताया कि सड़को के किनारे ठेला-गुमटी संचालित होने एवं दुकानों का सामान बाहर निकालने से जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे सफाई कार्य में भी बाधा उत्पन्न होती है। ननि अब नियमित अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर नजर रखेगा तथा बीच-बीच में अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करेगा।

**संचालकों को दी जा रही जगह**

अधिकारियों ने बताया कि शहर की सड़कों के किनारे संचालित ठेला-गुमटी संचालकों को पुराने बस स्टैंड एवं मेरिन ड्राइव मार्केट में व्यवसाय संचालित करने की जगह आवंटित की जा रही है। चौपाटी एवं स्कूल रोड से विस्थापित 200 से अधिक व्यवसाइयों को पुराने बस स्टैंड में 60 से अधिक ठेला-गुमटी संचालकों को मेरिन ड्राइव मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में सुभाषनगर स्थित प्रस्तावित थोक सब्जी मंडी एवं बरेज तालाब के पास जगह दी जाएगी।

**व्यवसाई परेशान**

ननि की कार्रवाई से सड़क किनारे व्यवसाय कर अपनी रोजी रोटी चलाने वाले व्यवसायी परेशान हैं। व्यवसाइयों का कहना है कि ऐन दिवाली के पूर्व कार्रवाई कर ननि ने उनका रोजगार छीन लिया है। व्यवसाय बंद होने से उनकी दिवाली फीकी पड़ जाएगी साथ ही परिवार के भरण-पोषण का भी संकट उत्पन्न होगा। ननि दिवाली बाद कार्रवाई करता तो उनकी दिवाली प्रभावित नहीं होती।

**नियमित चलेगा अभियान**

ननि द्वारा विस्थापित ठेला गुमटी संचालकों को पुराने बस स्टैण्ड एवं मेरिन ड्राइव मार्केट में जगह आवंटित की जा रही है। जरूरत पड़ी तो अन्य स्थानों पर भी विस्थापित व्यवसाइयों को शिफ्ट किया जाएगा। अब सड़कों पर अपना सामान फैलाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध नियमित अभियान चलाया जाएगा।

-डीएन कश्यप, आयुक्त, ननि

# संगठन में युवाओं के साथ बुजुर्गों के अनुभव को दी जाएगी प्राथमिकताः ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व पीसीसी अध्यक्ष।

- संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत रायशुमारी करने पहुंची चार सदस्यीय टीम

झारखंड के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि जो व्यक्ति लोगों की समस्याओं, उनके सुख दुख से सीधे तौर पर जुड़ा है, पार्टी की विचारधारा के साथ मजबूती के साथ खड़ा है वैसे ही नेतृत्व का चयन किया जाएगा। कांग्रेस की ऐसी कमेटी बनेगी जिसमें आम लोगों और कार्यकर्ताओं, एसटी, एससी, ओबीसी, अल्प संख्यक समाज की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आह्वान है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर जनता की आवाज को बुलंद करने, उन्हें समस्याओं से निजात दिलाने वाले व्यक्ति का नेतृत्व मिले।

झारखंड राज्य के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष श्री ठाकुर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री ठाकुर कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष के चयन हेतु छग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर की विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री अमरजीत चावला के साथ सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत की मौजूदगी में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन किस तरह से मजबूत हो, लोगों से सीधा जुड़ाव हो सके और उनके सुख दुख का साथी बन सके इसी उद्देश्य से अहमदाबाद में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि वर्ष 2025 संगठन सृजन का वर्ष होगा। इसी उद्देश्य से एआईसीसी से पर्यवेक्षक भेजे गए है। इस दौरान कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, आम लोगों से रायशुमारी आकर समझने का प्रयास किया जाएगा कि जिले में संगठन किस तरह से चल रहा है और क्या बदलाव की जरूरत है। श्री ठाकुर ने बताया कि सभी के अनुभव व तजुर्बे का ख्याल करते हुए ब्लॉक के कार्यकर्ता से बातचीत कर संगठन का सृजन किया जाएगा। 50 वर्ष से कम उम्र के प्रावधान पर कहा कि यह जरुर हम लोगों की सोच रहती है कि युवा नेतृत्व हो लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हमारे बुजुर्गों के अनुभव का ख्याल नहीं रखा जाए, उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है लेकिन युवाओं को प्राथमिकता देना है। युवाओं के साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी और बुजुर्गों सभी को लेकर एक समग्र रायशुमारी से संगठन सृजन होगा। जनता और कार्यकर्ताओं तक यह संदेश जाना जरूरी है कि राहुल गांधी एक अच्छे संगठन का सृजन करना चाहते है और उसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक सभी जिले में रहकर कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

**कार्यकर्ताओं के पसंद की पड़ताल : सिंहदेव**

पत्रकार वार्ता के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में समस्त जिला संगठन के साथ ही साथ ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम इस बात की पड़ताल है कि कार्यकर्ताओं की पसंद क्या है। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेतृत्व की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि झारखंड राज्य के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जैसे कद के व्यक्तित्व को सरगुजा और जशपुर जिले में संगठन सृजन की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन सृजन के माध्यम से सरगुजा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राय पर्यवेक्षक के माध्यम से जल्द ही पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों में परिलक्षित होगी। बता दें कि कांग्रेस की चार सदस्यीय टीम 14 अक्टूबर तक जिले का दौरा कर बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगी और उनकी बातों को सुनेगी।

# युवा नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें : प्राचार्य डॉ. तिवारी




**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मानक शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में नशामुक्त समाज की जागरूकता के उद्देश्य से रन फॉर नो ड्रग्स शीर्षक से एक मिनी मैराथन का शानदार आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा दीप पज्जवलन के पश्चात हरीझंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशा मानव जीवन को विनाश की ओर ले जाता है और युवाओं को इससे दूर रहकर एक स्वस्थ, उज्जवल भपिष्य का निर्माण करना चाहिए। विद्यालय के कक्षा पांचवी से लेकर बारहवीं तक छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ मैराथन में भाग लिया। से नो टू ड्रग्स, बी स्मार्ट डोंट स्टार्ट जैसे नारे लगाते हुए बच्चों ने पूरे शहर में जनजागरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में यह संदेश फैलाना था कि स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन की कुंजी है और नशामुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब नई पीढ़ी इसके प्रति सजग होगी। मैराथन उपरांत विजेताओं को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। इनमें छात्र वर्ग में कक्षा 9 वीं के छात्र शाद अली ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 वीं के छात्र गौरव केवट ने द्वितीय एवं कक्षा 9 वीं के छात्र समर्थ साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में कक्षा सातवीं की छात्रा रोहणी बघेल ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं की छात्रा सानवी केशरवानी ने द्वितीय तथा कक्षा पांचवी की छात्रा भव्या खोड़ियार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में अनुशासन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। इस प्रकार रन फॉर नो ड्रग्स मिनी मैराथन ने मनेन्द्रगढ़ शहर में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया और नशामुक्त समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# कक्षा 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट का लक्ष्य तय, अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले में शिक्षण स्तर उन्नयन और परीक्षा परिणाम सुधार को लेकर कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के सभी प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे ने की। बैठक में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सत्र 2024-25 के बोर्ड परीक्षा परिणाम और परख परीक्षा की समीक्षा की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार सभी प्राचार्यों को सत्र 2025-26 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने का लक्ष्य दिया गया, इसके लिए विद्यालय स्तर पर परिणाम सुधार की ठोस रणनीति तैयार की गई है। कक्षा 10 वीं और 12 वीं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यतेत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस जानकारी को विद्यार्थियों तक पहुंचकर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड़ शिक्षा अधिकारियों को दिए गए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित हों। बैठक में निर्णय लिया गया कि तिमाही, छमाही और प्री-बोर्ड परीक्षा के आधार पर 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की मेरिट सूची तैयार की जाएगी और 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल क्लासेस लगाकर उन्हें मुख्यधारा में लाया जाएगा। प्रत्येक शनिवार को प्रश्न बैंक के आधार पर दो विषयों की जांच परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों की कठिनाइयों का समाधान कर उनमें अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाई जा सके। ब्लूप्रिंट के अनुसार प्रश्न पत्र और प्रश्न बैंक तैयार कर सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी तय किया गया।

### डीईओ कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट से आक्रोश

**रामानुजगंज।** जिला शिक्षा कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट के बीच नगर वासियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और कार्यालय को यथावत रखने की मांग की। कार्यालय करीब 5 दशकों से रामानुजगंज में संचालित हो रहा है। अविभाजित सरगुजा जिला से अलग होकर शैक्षिक जिला रामानुजगंज के नाम से कार्यालय प्रारंभ हुआ था। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। नगरवासियों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर एसडीएम आनंद नेताम और तहसीलदार भी पहुंच बैठक में सम्मिलित हुए।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का सीधा प्रसारण कोरिया में



**बैकुण्ठपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया में शनिवार को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना सहित विभिन्न कृषि कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया गया। यह कार्यक्रम पूसा, नई दिल्ली से प्रसारित हुआ, इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का शुभारंभ और 1,100 नई परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में जिले के 300 से अधिक किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों में विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा तथा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे। वक्ताओं ने किसानों से माइनर मिलेट्स, दलहन, जैविक खेती और मृदा परीक्षण अपनाने की अपील की। वैज्ञानिकों ने धान में रोग व कीट नियंत्रण और सब्जी नर्सरी की तकनीक पर जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यायालयः-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.**

**ज्ञापन**

प्रोसेस क्रमांक- 1432/2025
आदेश दिनांक- 22.09.2025
पेशी दिनांक- 23.10.2025

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/ रजिस्ट्रेशन क्रमांक 11/2025**

1. संगीता गुप्ता पति स्व. जय चन्द गुप्ता उम्र 40 वर्ष पेशा 2. स्नेहा गुप्ता आ. स्व. जय चन्द गुप्ता उम्र 21 वर्ष पेशा दोनों निवासी सोनहत पोस्ट सोनहत एवं थाना सोनहत जिला कोरिया छ.ग.। 3. ना.बा. रितिक गुप्ता आ. स्व. जय चन्द गुप्ता उम्र 11 वर्ष। ना.बा. की ओर से पालक माता संगीता गुप्ता पति स्व. जयचन्द गुप्ता निवासी व पो. सोनहत जिला कोरिया छ.ग.। .....आवेदक

प्रति

4. सर्वसाधारण 5. शाखा प्रबंधक छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सोनहत जिला कोरिया छ.ग.। ..... अनावेदकगण

**बनाम :-**

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक जयचन्द गुप्ता आ. भैयालाल गुप्ता शाखा प्रबंधक के नाम पर अनावेदक क्रमांक 1 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 23.10.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी। अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 26.09.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(प्रतीक्षा अग्रवाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**

## पृष्ठ 1 का शेष

### घर के सामने खड़ी ...

वस्तुओं का सेवन करते हैं। कई बार समझाने पर भी वे झगड़े और गाली-गलौज पर उतारू हो जाते हैं। लोगों का मानना है कि उन्हीं में से किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि नाइट पेट्रोलिंग के बावजूद पुलिस इस क्षेत्र में पर्याप्त निगरानी नहीं करती, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। सूचना मिलते ही चरचा थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आगजनी स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला जानबूझकर आग लगाने का प्रतीत होता है। संदिग्धों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि घटना में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव ...

अधिकारी डॉक्टर आकांक्षा टोप्पो, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के डॉक्टर सुमंत पांडे, राजकुमार राजवाड़े बीपीएम, फार्मासिस्ट जीडी हुसैन, डीईओ दानिश, नेत्र सहायक अधिकारी रजनीश कुमार, लैब टेक्नीशियन श्रीमती निशा कश्यप, एएनएम श्रीमती सुनीता, श्रीमती रिंकी गुप्ता, वार्ड बॉय नरेन्द्र, जितेन्द्र तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महापौर रामनरेश राय का सहयोग रहा। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम चिरमिरी से सभापति संतोष सिंह, एमआईसी सदस्य घनश्याम, संजीत सिंह की उपस्थिति में कैंप संपन्न हुआ।

### 17 केन्द्रों में 3889 ने ...

तथा अनुपस्थित 40, गर्वमेंट पॉलीटेनिक कॉलेज सलका बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में उपस्थित 197 तथा अनुपस्थित 43, सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 में उपस्थित 292 तथा अनुपस्थित 68, सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में उपस्थित 195 तथा अनुपस्थित 45, सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बैकुंठपुर में पंजीकृत 180 में उपस्थित 148 तथा अनुपस्थित 32, सिटी मोंटेसरी स्कूल नदी रोड भट्टीपारा बैकुंठपुर में पंजीकृत 420 में उपस्थित 364 तथा अनुपस्थित 56, आईसेक्ट कॉलेज संजय नगर बैकुंठपुर में पंजीकृत 120 में उपस्थित 100 तथा अनुपस्थित 20, आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल कचहरीपारा बैकुंठपुर में पंजीकृत 120 में 91 उपस्थित तथा 29 अनुपस्थित, शकुंतला हायर सेकेंडरी स्कूल प्रेमाबाग बैकुंठपुर में पंजीकृत 109 में उपस्थित 87 तथा अनुपस्थित 22 अनुपस्थित रहे।

### दीपावली की असली ...

वरिष्ठ समाजसेवी रतन कुमार अग्रवाल ने कहा कि समाजसेवा ही सच्ची पूजा है। जब युवा वर्ग दूसरों की खुशियों का कारण बनता है, तब यही दीपावली की सबसे सुंदर परंपरा बन जाती है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आया, बल्कि इसने दीपावली के उस सच्चे संदेश खुशियां बांटे और प्रकाश फैलाएं को जीवंत कर दिया।

TOP IN KORIYA

प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26 बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थानः जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411